डीएलएड के लिए आवेदन कल से

11 तक जमा किए जाएंगे आवेदन, पहले चरण में चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 6 अगस्त से शुरू होगा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। डीएलएड (बीटीसी) 2019 में ऑनलाइन आवेदन 27 जून से 11 जुलाई तक जमा किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश के राजकीय और निजी डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। पहले चरण का प्रशिक्षण 6 अगस्त से शुरू होगा जबकि दूसरे चरण की चयन प्रक्रिया 16 अगस्त से शुरू होगी।

ये रहेगी शैक्षणिक योग्यता

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, सीबीएसई, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से हाई स्कूल, इंटरमीडिएट व उसके समकक्ष घोषित परीक्षा उत्तीर्ण हो। यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की हो। एससी, एसटी, ओबीसी, विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित, भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये, एससी-एसटी के लिए 300 रुपये और विकलांग श्रेणी के लिए 100 रुपये निर्धारित किया है।

राजकीय में 10,200 और निजी में 41 हजार रुपये रहेगी फीस

डीएलएड (बीटीसी) प्रशिक्षण के लिए राजकीय संस्थानों में प्रशिक्षण शुल्क 10,200 रुपये और निजी संस्थानों में 41 हजार रुपये प्रति वर्ष निर्धारित किया है।

ये रहेगा कार्यक्रम

- सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज 26 जून को ऑनलाइन आवेदन के लिए विज्ञापन जारी करेंगे।
- 27 जून से 11 जुलाई शाम 6 बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन आवेदन जमा किए जाएंगे।
- आनलाइन आवेदन शुल्क 12 जुलाई तक जमा किए जाएंगे।
- आवेदन पत्र का प्रिंट 13 जुलाई तक ले सकेंगे।